an>

Title: Regarding imposing duty on clothes imported to India from foreign countries.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरा विÂषय भी वही है जो अभी चव्हाण साहब ने यहां पर उठाया है। मैं भिवंडी लोक सभा क्षेत्र् से आता हूं। वहां पर टैक्सटाइल का बहुत बड़ा कारोबार है। महाराÂष्ट्र में मालेगांव में भी है, इचलकरेंजी में भी है और धूलिया में भी हैं। मेरे दो-तीन मुद्दे हैं, भिवंडी में जो पॉवरलूम का बिजनैस है, वह अभी बंद होने के कगार पर है। उसके दो मुद्दे हैं- हमारे देश में जो सिंथेटिक यान आता है, उसके ऊपर ड्यूटी लगाई गई है। सिंथेटिक यान के ऊपर जो ड्यूटी लगाई गई है, वह ड्यूटी अगर फैबरिक के ऊपर लगाई जाए तो हमारे यहां यान आने के बाद जो कपड़ा बनेगा, उसकी उत्पादन लागत कम हो जाएगी। कपड़े के ऊपर अगर ड्यूटी लगाई जाए तो श्रीलंका से, पाकिस्तान से और चीन से जो कपड़ा हमारे यहां आता है, वह कपड़ा हमारे यहां बेचने में उनको महंगा पड़ेगा तथा हमारा कपड़ा सस्ते में बिकेगा। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चंदेल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री कपिल मोरेश्वर पाटील द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।